पूर्वांचल बैंक

प्रधान कार्यालय, मोहद्दीपुर, गोरखपुर

<u>किराये पर परिसर की आवश्यकता</u>

पूर्वांचल बैंक गोरखपुर अपने प्रशिक्षणार्थी आवास हेतु किराये पर परिसर के लिये भू/भवन स्वामियों से निम्नलिखित शर्तों के अधीन निविदा आमंत्रित करता है।

1.परिसर/भवन बैंक के नव निर्मित **प्रधान कार्यालय भवन (देवरिया बाई पास पर पुलिस चौकी के बायीं ओर (उत्तर दिशा) तारा मंडल क्षेत्र में) से अधिकत्म 250 मीटर के परिधि में** अवस्थित होना चाहिये।

2.परिसर/भवन विवाद रहित, कम से कम दो मंजिला एवं 3000 वर्ग फुट कार्पेट एरिया युक्त होना चाहिये।

3.परिसर में स्वतन्त्र प्रवेश, वाहन पार्किंग एवं जेनेरेटर सेट लगाने हेतु पर्याप्त जगह तथा मूलभूत सुविधाओं सहित बिजली एवं पानी की आपूर्ति/निकासी हेतु पर्याप्त व्यवस्था हो।

4.भवन स्वामी को बैंक आवश्यकतानुसार निर्माण/परिवर्तन स्वयं के खर्च पर कराना होगा।

5.परिसर/भवन में 30 से 35 लोगों के ठहरने हेतु 02 बिस्तरों वाले 06 एवं 04 बिस्तरों वाले 06 हवादार सामान्य कमरे, जिनके साथ शौचालय, मूत्रालय, वास बेसिन तथा स्नानागार की सुविधा उपलब्ध हो, इसके अतिरिक्त बड़ा रसोई घर, बड़ा भोजन कक्ष, वाचनालय हेतु बड़े हॉल तथा प्रत्येक तल पर पृथक – पृथक पुरूष एवं महिला हेतु शौचालय, मूत्रालय, वास बेसिन एवं स्नानागार की व्यवस्था होनी चाहिये।

6.प्रयोज्य सीढ़ियों की चौड़ाई एवं ऊचाई सुविधाजनक एवं रेलिंग सहित होना चाहिये।

7.भवन के छत का प्रयोग V-Sat हेतु बैंक द्वारा किया जायेगा।

8.भवन स्वामी को अपनी लागत पर बिजली/पानी का कनेक्शन बैंक के नाम एवं पर्याप्त क्षमता वाली पानी की टंकी की व्यवस्था करवानी होगी। विद्युत/पानी उपभोग्य बिलों का मासिक अंतराल पर भुगतान बैंक द्वारा किया जायेगा।

9. भवन का किराया अधिकृत रूप से अधिग्रहण के उपरांत ही देय होगा।

10. बैंक के पास बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी प्रस्तावों को निरस्त करने या प्राप्त प्रस्तावों से इतर प्रस्ताव को स्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित होगा एवं इस संबध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।

इच्छुक भवन स्वामी, जो उर्पयुक्त शर्तों के अनुरूप निर्मित भवन या भवन का निर्माण 6 माह में करा, किराये पर देने के लिये तैयार हों, अपना प्रस्ताव व वांछित किराये का उल्लेख करते हुये इस प्रकाशन की तिथि के 15 दिनों के अन्दर **<u>मुख्य प्रबन्धक (प्रशिक्षण),ज्ञानोदय केन्द्र, मोहद्दीपुर, गोरखपुर</u>** को सील बन्द लिफाफे में, जिसके ऊपर **<u>प्रशिक्षणार्थी आवास हेतु किराये पर परिसर/भवन के लिये आवेदन</u>** अवश्य अंकित कर, उपलब्ध करा देवें।

महाप्रबन्धक (प्रशासन)